**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 अप्रैल 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- सर्वोच्च न्यायालय ने वी वी पैट की पर्चियों के साथ इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के आंकड़ों के शत प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज़ किया।
- लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद हरियाणा में अब तक 25 करोड़ 45 लाख रूपये से अधिक की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं नकद राशि ज़ब्त की गई।
- जननायक जनता पार्टी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे बृज शर्मा को हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया।
- पूरे देश में व्यावसायिक शिक्षा का एक समान पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समिति की बैठक हुई।
- पंचकूला के सेक्टर एक स्थित गांव खड़क मंगोली में लगभग 11 झुग्गियां आग लगने से राख हुईं। प्रशासन ने मदद का आश्वासन दिया।

.............................................................................................

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल – वीवीपैट की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन- ईवीएम के आंकड़ों के शत-प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।

यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

.............................................................................................

लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद अब तक हरियाणा में **25** करोड़ **45** लाख रुपये से ज्यादा की अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगद राशि जब्त की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय ने यह नगद राशि व मादक पदार्थों को पकड़ कर अपने कब्ज़े में लिया। उन्होंने बताया कि कुल **4** करोड़ **33** लाख रुपये की नकद राशि जब्त की गई, जिसमें पुलिस ने **71** लाख **21** हज़ार रुपये, आयकर विभाग ने **81** लाख **19** हज़ार रुपये, आबकारी विभाग ने **3** लाख **4** हज़ार रुपये और कराधान विभाग एवं राजस्व आसूचना निदेशालय ने **2** करोड़ **78** लाख रुपये की नकद राशि जब्त की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल **8** करोड़ 40 लाख रुपये की कीमत की **2** लाख **67** हज़ार **821** लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी गई। इसमें, पुलिस द्वारा पकड़ी गई **5** करोड़ **52** लाख **23** हज़ार रुपये की कीमत की **1** लाख **75** हज़ार **140** लीटर शराब तथा आबकारी विभाग द्वारा पकड़ी गई **2** करोड़ **88** लाख **19** हज़ार रुपये की कीमत की **92** हज़ार **669** लीटर अवैध शराब शामिल है।

श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि एजेंसियों द्वारा कुल **5** हज़ार **844** किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी कीमत **9** करोड़ 38 लाख रुपये है।

..............................................................................................

जननायक जनता पार्टी ने बृज शर्मा को हरियाणा का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला की तरफ से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। करनाल निवासी श्री बृज शर्मा जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे है और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नज़दीकी माने जाते हैं। उन्होंने 2019 में असंध से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था।

..............................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में हरियाणा कामगार संघ द्वारा आयोजित श्रमिक कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया।

श्री सैनी ने कहा कि श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने गरीब मज़दूरों के लिए कई काम किये। आज भी गरीब मज़दूर की लड़की की शादी पर 3 दिन पहले ही अधिकारी मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना की राशि लेकर पहुंच जाते है। उन्होंने कहा कि जो भी कमियां बाक़ी हैं उन्हें 4 जून के बाद चंडीगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठकर दुरूस्त कर दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति को ऊंचा उठाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि आज गरीब व्यक्ति के आवास पर गैस का कनैक्शन और स्वच्छ जल श्री मोदी के प्रयत्नों के परिणामस्वरूप  ही पहुंचा है।

..........................................................................................

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों द्वारा तैयार कुर्सी के डिज़ाइन को भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पंजीकृत किया है और विश्वविद्यालय को इस डिज़ाइन के लिए प्रमाण पत्र भी मिल गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कंबोज ने बताया कि कुर्सी का यह डिज़ाइन मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू मेहता की देखरेख में दो शोधार्थियों आयशा और मीनू जाखड़ ने तैयार किया था। उन्होंने डिज़ाइन का पंजीकरण प्रमाण पत्र मिलने पर डॉ. मेहता  और शोधार्थियों को बधाई दी और कहा कि इससेऔ विद्यार्थी भी हस्त शिल्प डिज़ाइन विकसित करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रो. बी.आर. कंबोज ने बताया कि गत 3 वर्षों में विश्वविद्यालय को छ: पेटें, 11 कॉपीराइट एवं 11 डिज़ाइन पंजीकरण प्रमाण पत्र सहित कुल 28 बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त हुए है।

..........................................................................................

पूरे देश में व्सावसायिक शिक्षा का एक समान पाठ्यक्रम तैयार किया जायेगा। यह पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क एवं मूल्यांकन के मानक 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप होंगे।

इस सिलसिले में आज पलवल के दुधौला स्थित श्रीविश्वकर्मा विश्विवद्यालय में कुलपति डॉ. राज नेहरू की अध्यक्षता में गठित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समिति की बैठक हुई। इस समिति में शामिल विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय प्रबंधकीय संस्थानों के प्रोफेसर एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष डॉ. राज नेहरू ने बताया के समिति अपनी सिफारिश शीघ्र ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सौंप देगी। उन्होंने बताया कि आज बैठक में वोकेशनल यानी व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम के प्रारूप पर व्यापक चिंतन मंथन किया गया। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि वर्तमान में नौकरी के दौरान प्रशिक्षण, उद्योग के साथ संबद्धता और उद्यमशीलता, व्यावसासिक शिक्षा के लिए बहुत जरूरी है।

..............................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान लू के अनुमान को देखते हुए प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पंक्ति में खड़े मतदाताओं को सीधी धूप से बचाने के लिए पर्याप्त छाया, बैठने और पंखों की व्यवस्था करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे कमजोर मतदाताओं को विशेष सहायता दी जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर से ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है जिससे वे लू से भी बच सकेंगे। इसके अलावा, सभी मतदान केंद्रों पर वायु संचार के लिए पर्याप्त प्रबंध करने को भी कहा गया है।

..............................................................................................

पंचकूला के सेक्टर एक स्थित गांव खड़क मंगोली में आज लगभग **11** झुग्गियों में आग लग गयी। दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और उपमंडल अधिकारी गौरव चौहान मौके पर पहुंचे और नुक्सान का जायजा लिया।

श्री गुप्ता ने बताया कि लगभग **11** झुग्गियों में पड़े सिलेंडरों के कारण आग और अधिक भयावह हो गई। परन्तु जान की कोई हानि नहीं हुई। लेकिन झुग्गियों में रखा सारा सामान राख हो गया। श्री गुप्ता ने कहा प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति बिठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब परिवारों की भो उचित मदद करेगी और प्रशासन द्वारा जल्द ही पीड़ितो को खाने का सामान, बर्तन एवं अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशासन इनकी अस्थाई रिहायश का प्रबंध भी करेगा।

.........................................................................................

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों, गुरूकुलों एवं विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र **2023-24** के लिए कक्षा **9**वीं व **11** वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड करने की अंतिम तिथि **25** अप्रैल से बढ़ाकर **3** मई कर दी गई है।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि यदि किसी विद्यालय द्वारा छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो ऐसे विद्यार्थियों को बोर्ड की आगामी कक्षा **10**वीं एवं **12**वीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

.........................................................................................

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में कल 27 अप्रैल से **30** अप्रैल तक **67** वीं राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद कल शाम **5.30** बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता **17** साल से कम आयु के लडक़ों के वर्ग की होगी। इसमें पूरे देश से कुल **44** टीमें भाग लेने के लिए आ रही हैं।

........................................................................................................